



# नरक चौदस पर पूर्वजों की याद में दीप जलाए



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** पूर्वजों की याद मे किया दीपदान पंचदिवसीय दीप महोत्सव के द्वितीय दिवस के पर्व छोटी दिवाली नरक चौदस के अवसर पर शाम को पूर्वजों की स्मृति में मुक्तिधाम मुरार में ट्रू फ्रेंड्स एसोसिएशन मुरार के सदस्यों द्वारा दीपदान किया गया।

अंधकार से प्रकाश को अग्रसर करता यह पर्व सदैव सकारात्मक रहने की प्रेरणा प्रदान करता है।उल्लास एवं प्रसन्नता के पर्व दीपावली पर ट्रू फ्रेंड्स एसोसिएशन समस्त नगरवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर ट्रू फ्रेंडस एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज मित्तल के साथ सुशील भदौरिया, सुनील पाल, विवेक दीक्षित, विवेक गर्ग, देवेंद्र कुशवाह सुनील पाल, हरिओम अग्रवाल,राजेन्द्र साहू, अभय गांगिल उपस्थित रहें।

# हर घर रोशनी से जगमगाया, छह ट्रांसफार्मर पर एक टीम तैनात

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** रोशनी के त्योहार दीपावली पर लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसको लेकर बिजली कंपनी ने व्यापक प्रबंध किए हैं। बिजली कंपनी के महाप्रबंधक संदीप कालरा ने पूरे शहर में विशेष टीमें तैनात की हैं जो किसी भी इलाके में बिजली जाते ही तुरंत एक्शन में आ जाएंगी। पूरे शहर में हर 6 ट्रांसफार्मर पर एक टीम तैनात की गई है जो बिजली जाने वाले इलाके को तुरंत रोशन कर देगी। हालांकि रोशनी के त्योहार पर बिजली न जाए इसको लेकर कंपनी के कर्मचारी अलर्ट मोड पर है।

## लाइट जाते ही आएगी टीम

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि लाइनों पर निरंतर निगाह रखी जा रही है। वहीं बिजली कंपनी के अधिकारियों ने लोगों से अपील भी की है यदि किसी परेशानी से बचना है तो वे बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मर से दूर ही आतिशबाजी करें। बिजली कंपनी के अफसरों ने दावा किया है कि यदि दीपावली के दौरान बड़े से बड़ा किसी प्रकार का फॉल्ट होता है तो उसे अधिकतम तीन घंटे में दुरुस्त कर दिया जाएगा। छोटे-मोटे कारणों से किसी भी इलाके की बत्ती गुल नहीं होने दी जाएगी। अफसरों का कहना है कि शहरभर में हुई लाइटिंग के कारण किसी भी प्रकार का लोड बिजली कंपनी पर नहीं पडा है। इसके चलते कहीं पर भी बिजली फॉल्ट की कोई समस्या नहीं आने वाली। लोगों के यहां पर लगी झालरें, रंग-बिरंगे बल्बों का असर अब बिजली के लोड पर नहीं पड़ता है।

**एलईडी लाइट से खपत पर पड़ा असर :** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि पहले जो बल्ब बाजार में आते थे वे अधिक वाट के होते थे। साथ ही उन्हें जलाने पर बिजली भी ज्यादा खर्च होती थी। वर्तमान में उन बल्बों की जगह एलईडी लाइटों ने ले ली है। इसके चलते बिजली का खर्च भी कम हो गया और लोगों का बिल भी ज्यादा नहीं बढ़ता। साथ ही लोग अपने घरों या प्रतिष्ठानों में जितनी चाहे उतनी रोशनी कर उसे आकर्षक बना सकते हैं।

**आपने कहा...**

दीपावली को देखते हुए पूरे शहर में विशेष टीमें तैनात की गई हैं। हर 6 ट्रांसफार्मर पर एक टीम तैनात है। अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि रोशनी के त्योहार पर किसी भी स्थिति में किसी भी इलाके में रोशनी में व्यवधान न पड़े। साथ ही लोगों को भी चाहिए कि वे लाइनों से दूर आतिशबाजी करें।

**– संदीप कालरा, महाप्रबंधक, बिजली कंपनी**

# सहरिया परिवारों के आंगन में पहुँचे खुशियों के उपहार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** रोशनी के उत्सव दीपावली पर्व पर हर आंगन में रंगीन खुशियां बिखरें।

## कलेक्टर के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने की अनुकरणीय पहल

साधन संपन्न लोगों के साथ-साथ उन परिवारों के बच्चे भी उत्साह व ख़ुशी के दीपावली मनाएं जो अभावों के बीच जिंदगी बसर कर रहे हैं। इसी भाव के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के



अनुरूप ग्वालियर जिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों ने अनुकरणीय पहल की है। इस पहल के तहत छोटी दीपावली पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी अपने-अपने क्षेत्र की सहरिया जनजाति बहुल एवं अन्य पिछड़ी बस्तियों में पहुँचे और वहां रहने वाले परिवारों को दीपावली का उपहार भेंट किए। अधिकारियों ने बच्चों को फल, मिष्ठान, फुलझड़ी और अनार जैसी आतिशबाजी की थैली सौंपकर दीपावली त्यौहार की खुशियों में सहभागी बनाया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से दीपावली की बधाई व शुभकामनायें दीं।

दीपावली के इस उपहार को पाकर सहरिया परिवारों के बच्चों के चेहरों पर जो चमक आई, वह देखते ही बनी। बस्ती की महिलाएं, युवा और बुजुर्ग भी इस आत्मीय पहल से प्रसन्नता और गर्व से भर उठे। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में सचमुच ऐसी जनहितैषी सरकार है जो हर वर्ग की खुशियों का ध्यान रखती है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि च्यह पहल केवल त्योहार मनाने के लिये ही नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और साझी खुशियों का संदेश देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बड़ी दीपावली पर भी जिले के राजस्व अधिकारी इसी प्रकार अन्य सहरिया बस्तियों में पहुंचकर उपहार वितरित करेंगे।

# वुशु खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** राज्य वुशु प्रतियोगिता जबलपुर में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ग्वालियर में प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज से राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं राजयोग ध्यान प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, ग्वालियर जिला वुशु संघ सचिव खुशबू सूरज राठौर उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में बीके प्रहलाद भाई नें मोटिवेशन देते हुए सभी को खेल भावना का महत्व, विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्य और राजयोग ध्यान के बारे में बताते हुए कहा कि जिन बच्चों के जीवन में अनुशासन और व्यवस्थित दिनचर्या होती है वह जीवन के हर मुकाम तक पहुँच जाते है।

तत्पश्चात पदक जीतने वाले खिलाडी जिसमें वंदना राठौर नें स्वर्ण पदक, संध्या लोधी नें स्वर्ण पदक, अभिषेक राठौर नें स्वर्ण पदक, गुलशन सिंह नें स्वर्ण पदक, शिवांगी राठौर नें रजत पदक, महक नरवरिया नें रजत पदक अर्जित किये इन सभी खिलाड़ियों को अतिथियों नें मैडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने किया आतिशबाजी का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र की कई गरीब बस्तीयों एवं मौहल्लों में पहुॅचकर हजारों बच्चों एवं उनके माता-पिता समेत शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और बच्चों को आतिशबाजी का वितरण किया।

आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्वालियर पूर्व विधानसभा के जडेरूआ कलां, इंद्रा गांधी पार्क अशोक कॉलोनी, पानी की टंकी अशोक कॉलोनी, गोदाम बस्ती, गोपालपुरा, कबीर आश्रम, गुरूद्वारा वाल्मीक बस्ती, रामनगर मुरार, प्रजापति मौहल्ला कुम्हरपुरा, महलगांव, हुरावली, नीमचंदोहा, मढा एवं लक्ष्मणपुरा आदि क्षेत्रों में बच्चों को पटाखों का वितरण किया गया। आतिशबाजी वितरण करने वालों में एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, सुरेश प्रजापति, विजय बहादुर त्यागी एवं आदित्य सिंह सिकरवार 'गौंची' समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

**आज इन क्षेत्रों में होगा आतिशबाजी का वितरण :**इसी क्रम में आज सिंधिया नगर, थौराठ की गोठ, निर्धन नगर, खटीक मौहल्ला रोशनी घर, रानीपुरा, ओफो की बगिया, बजरंग नगर नाकाचन्द्रवदनी, लभेडपुरा, गंजी खो केंसर पहाडिया आदि क्षेत्रों में आतिशबाजी का वितरण किया जायेगा।

## महापौर डॉ. सिकरवार ने दी दीपावली की शुभकामनाएं



महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने दीपावली के पावन पर्व की शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मकता की कामना करती हूँ, साथ ही शहरवासियों से अपील की है कि सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और सद्भावपूर्ण दीपावली मनाये। उन्होंने कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है।

# विश्वास की चमक, परंपरा की पहचान –अग्रवाल ज्वैलर्स

**ग्वालियर 19 अक्टूबर.** दिवाली के शुभ अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम अग्रवाल ज्वैलर्स ने एक बार फिर से अपनी परंपरा, गुणवत्ता और आकर्षक कलेक्शन से ग्राहकों का दिल जीत लिया है। शोरूम के संचालक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इस बार का दिवाली गोल्ड एवं सिल्वर कलेक्शन पूरी तरह नए और आधुनिक डिज़ाइनों पर आधारित है, जिसमें परंपरागत भारतीय कला का विशेष संगम दिखाई देता है। अग्रवाल ज्वैलर्स का उद्देश्य केवल



आभूषण बेचना नहीं, बल्कि हर ग्राहक के साथ विश्वास और आत्मीयता का रिश्ता जोड़ना है। हमारे लिए हर गहना एक भावना है, और हर ग्राहक हमारे परिवार का हिस्सा। दशकों से ग्वालियरवासियों के दिलों में स्थान बनाए हुए अग्रवाल ज्वैलर्स अपनी शुद्धता, नवीन डिज़ाइनों और पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। दिवाली के मौके पर यहाँ विशेष स्कीम्स और डिस्काउंट्स भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। अग्रवाल ज्वैलर्स के संचालक श्री प्रदीप अग्रवाल ने सभी ग्राहकों को दिवाली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा — यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशियाँ, समृद्धि और विश्वास की अनंत चमक लाए।

# नैनो उर्वरक के छिड़काव से फसल को समान रूप से मिलते हैं पोषक तत्व

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** नैनो उर्वरकों का उपयोग फसलों के लिये फायदेमंद रहता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने ग्वालियर जिले के किसान भाईयों से नैनो उर्वरक अपनाने की अपील की है। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से उर्वरक उपयोग क्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही पर्णीय छिड़काव होने से फसल को समान रूप से पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में नैनो उर्वरक की कम मात्रा लगती है।

उप संचालक कृषि ने सलाह दी है कि डीएपी क उपयोग बीजोपचार के द्वारा एवं इसके बाद बोनी के लगभग 30 दिवस में किया जाना चाहिए। इस प्रकार नाइट्रोजन की प्रथम व द्वितीय टॉप ड्रेसिंग में यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का छिड़काव किया जाना चाहिए।

# अवैध रूप से आतिशबाजी बना रहा युवक दबोचा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** घने रिहायशी इलाके में अवैध रूप से आतिशबाजी बना रहे युवक को इंदरगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। मौके से बने हुए सुतली बम सहित पटाखे बनाने का कच्चा माल भी बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शासन द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद तमाम रिहायशी इलाकों में लोग खतरनाक ढंग से अवैध आतिशबाजी का निर्माण करते हैं। इस लापरवाही के कारण कई बाद हादसे भी हो चुके हैं। इसी क्रम में इंदरगंज थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि क्षेत्र के रामदास घाटी पर भैरव मंदिर के पास दुकान के सामने अवैध रूप से आतिशबाजी बनाई जा रही है। इस पर पुलिस द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर रेड की गई, तो वहां एक युवक पटाखे बना रहे थे। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके पास मौजूद थैले की तलाशी ली, तो उसमें से हाथ के बने छह सुतली बम, सुतली बम बनाने की हाथ की बनी कागज लिपटी 12 बत्ती, तीन पैकेट के बारूद चलाने के हाथ से बने चार पाइप आदि मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं पकड़े गए युवक को थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने अपना नाम साहिद अली पुत्र कल्ला उर्फ हसरत अली (20) निवासी कब्रिस्तान के पास, रेलवे क्रॉसिंग के पास, झाड़ूवाला मोहल्ला बताया है। जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा 1 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।














